भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1936

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

झारखंड में आयुष अस्पताल

1936. श्री मनीष जायसवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या झारखंड में आयुष अस्पताल कार्यरत हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राज्य-वार विभाग-वार और जिले-वार वहां कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं;

(ख) ऐसे आयुष अस्पतालों में उपचारित लोगों की कुल संख्या, विभाग और जिले-वार कितनी है;

(ग) क्या सरकार की झारखंड में आयुष उपचार सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए झारखंड में कार्यशील आयुष अस्पतालों के साथ-साथ राज्य में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण, पद्धति और जिले-वार विवरण राज्य सरकार के पास है। हालाँकि, झारखंड राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गोड्डा जिले के परसपानी में सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से जुड़ा एक होम्योपैथिक अस्पताल कार्यशील है, जिसमें बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), अंतः रोगी विभाग (आईपीडी), प्रयोगशाला, योग आदि की सुविधाएँ हैं। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जनवरी, 2023 से जून, 2024 तक इस अस्पताल में 55808 लोगों का उपचार किया गया है।

(ग) और (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, झारखंड में आयुष उपचार सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। हालांकि, आयुष मंत्रालय झारखंड सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाएँ (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विभिन्न गतिविधियों के तहत, उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में आयुष उपचार सुविधाएं प्रदान करने के उनके प्रयासों के लिए सहयोग प्रदान कर रहा है। यह मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:-

i. मौजूदा आयुष औषधालयों और स्वास्थ्य उप केंद्रों के उन्नयन द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का संचालन
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों और (सीएचसी) जिला अस्पतालों स्थापना-सह की सुविधाओं आयुष में (डीएच)
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन
iv. मौजूदा सरकारी आयुष मौजूदा/उन्नयन का औषधालयों आयुष प्राप्त सहायता सरकारी/पंचायत/ /निर्माण का भवन लिए के (आवास शीर्ण-जीर्ण/पर किराए) धालयऔषउन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी शिक्षण प्राप्त सहायता सरकारी/ को अस्पतालों आयुष संस्थागतआवश्यक दवाइयों की आपूर्ति
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है

ix. आयुष स्नातक संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास करना। शामिल को पाठ्यक्रमों पैरामेडिकल/फार्मेसी/पीजी/

एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने विभिन्न अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2015-16 से अब तक 136.48 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

*****